सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना परिसर, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियंत्रक

Email- coessju@gmail.com

www.ssju.ac.in

दिनांक 22.08.2022

पत्रांक संख्या : SSJU/Exam/2022/ 868

कार्यालय आदेश

कुलपति महोदय की स्वीकृति के कम में विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों के विभागाध्यक्षों एवं महिविद्यालयों के प्राचार्यों को अवगत कराया जाता है कि पूर्व में जिस प्रकार कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्रायोगिक परीक्षा के बिलों का भुगतान किया जाता था, उसी प्रकार सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोडा में भी प्रायोगिक परीक्षा का कार्य कर रहे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रायोगिक परीक्षा के बिलों का भुगतान निम्न बिन्दुओं के आधार पर प्रदान किया जायेगा।

1– प्रयोगात्मक परीक्षा देयक प्रपत्र निर्धारित प्रारुप में समस्त विभागाध्यक्ष तैयार करवाने के उपरान्त भुगतान हेतु सम्बन्धित संकायाध्यक्ष के माध्यम से सम्बद्ध लेखानुभाग को प्रेषित करेंगे।

2– एक दिन में प्रत्येक कक्षा हेतु प्रायोगिक परीक्षा की अधिकतम दो पाली ही अनुमन्य होंगी। प्रायोगिक परीक्षा हेतु एक दिन में 4–4 घन्टे की केवल दो पालियां होगी, अतः एक दिन में अधिकतम दो ही पालियों का भुगतान अनुमन्य होगा।

3– प्रायोगिक परीक्षा हेतु विभाग की प्रयोगशाला कार्य कर रहे तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को कमशः 75/रू0 एवं 45/रू0 प्रति पाली पारिश्रमिक देय होगा।

4– लैब तैयारी का देयक बिल प्रायोगिक परीक्षा के पहले दिन का होगा (अर्थात प्रायोगिक परीक्षा शुरू होने के पहले दिन का) तभी तैयारी का देयक भुगतान किया जाना सम्भव होगा। इस कार्य हेतु प्रयोगात्मक परीक्षा में कार्य कर रहे विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिक को क्रमशः 225/रू0 एवं 150/रू0 प्रति कक्षा देय होगा।

5– प्रायोगिक परीक्षा हेतु अधिकतम 5 छात्रों तक दो का कार्मिक, 6 से 15 छात्रों तक 3 कार्मिक तथा 15 से अधिक छात्रों में अधिकतम 4 कार्मिक या अतिआवश्यक हो तो 5 कार्मिक को ही विभागाध्यक्ष की संस्तुति के पश्चात प्रायोगिक परीक्षा में लगाया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक
Controller Of Examination
Soban Singh Jeena University
Almora-263601
(Uttarakhand)

प्रतिलिपि–

1– अधिष्ठाता प्रशासन, सोबन सिंह जीना परिसर, अल्मोडा को समस्त संकायाध्यक्षों में परिचालनार्थ प्रेषित।

2– सहायक लेखाधिकारी, एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोडा।

3– प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोडा।

4– निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक